हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 13 नवंबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 फिल्टर प्लांट पर स्थापित की मोटरें अतिरिक्त ट्रांसफार्मर खरीदने की ...



09 अवैध परिवहन व अधिक कीमत पर शराब बेचने वालों पर करें कार्रवाई



खबर संक्षेप

कैलाश चंद्र नामदेव का निधन

नर्मदापुरम। आनंद नामदेव तबला वादक, आशीष नामदेव , अशोक नामदेव और अमित नामदेव के पिता कैलाश चंद्र नामदेव का देहावसान गुरुवार को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार को प्रातः 10 बजे जगदीशपुरा निज निवास से राजघाट नर्मदापुरम-के लिए प्रस्थान करेगी। उनके ज्येष्ठ पुत्र उन्हें मुखाग्ने देंगे। उनके निधन पर उनके परिजनों, मित्रों, समाजसेवियों, विशिष्टजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।



युवती की आत्महत्या मामले में एफआईआर

नर्मदापुरम। नवविवाहिता काजल कदम की मौत के 13 दिन बाद पुलिस ने गुरुवार को दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया। पुलिस ने इस मामले में काजल के पति राहुल, सास लीलाबाई, देवर राज और ननद सुनीता को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। काजल ने 31 अक्टूबर की रात अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए परेशान और मारपीट के आरोप लगाए थे।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने निर्माणाधीन जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

मशीनों की सूची तैयार कर शासन को भेजें मांग, नियमित करें मॉनिटरिंग: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में बन रहे नवीन चिकित्सालय का निरीक्षण कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न खंडों में पहुंचकर निर्माण कार्यों की प्रगति, मरीजों के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं तथा आगामी समय में उपलब्ध कराई जाने वाली चिकित्सकीय सेवाओं की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल के विभिन्न वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, पेडियाट्रिक वार्ड, स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट, मैटरनिटी वार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा इकाइयों का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल भवन के ब्लूप्रिंट के माध्यम से प्रत्येक खंड की संरचना, वहां स्थापित होने वाली चिकित्सा सुविधाओं और मरीजों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए जा रहे विभिन्न कंपोनेंट्स की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक सुधार और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने गुरुवार को निर्माणाधीन जिला अस्पताल भवन का विस्तृत निरीक्षण किया।



स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन पर दें ध्यान

प्रत्येक चिकित्सा इकाई की उपयोगिता, मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्य समय रहते पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर ने सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले को निर्देशित किया कि नवीन जिला अस्पताल में आवश्यक चिकित्सा मशीनों एवं उपकरणों की उपलब्धता का विस्तृत आकलन किया जाए।

नागरिक बोले, निरंतर हो निरीक्षण

इधर जिला चिकित्सालय में व्यवस्थाओं की हकीकत किसी से छिपी नहीं है। जैसे ही अस्पताल प्रबंधन को कलेक्टर के निरीक्षण की सूचना मिली, आनन-फानन में साफ-सफाई शुरू कर दी गई। अस्पताल परिसर से लेकर वार्डों तक व्यवस्था सुधारने की कवायद हुई, लेकिन कलेक्टर के जाते ही हालात फिर पुराने ढर्रे पर लौट आए। सवाल यह है कि अस्पताल में नियमित साफ-सफाई और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण का इंतजार क्यों करते हैं? जिला चिकित्सालय में सर्जिकल सहित अन्य वार्डों में गंदगी की शिकायतें हैं। मरीजों के उपयोग वाले शौचालयों की हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है। मरीजों के परिजनों का कहना है कि केवल निरीक्षण की नहीं, बल्कि नियमित निगरानी और जवाबदेही तय करने की है।

कार्यों को सूचीबद्ध कर पूर्ण कराया जावे

अस्पताल में संचालित होने वाली विभिन्न चिकित्सा सेवाओं के अनुरूप आवश्यक मशीनों की सूची तैयार कर प्रदेश स्तर पर उनकी मांग प्रेषित की जाए। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि अस्पताल भवन के शेष सभी छोटे-बड़े निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर दैनिक एवं सप्ताहिक अवधि में पूर्ण किए जाने वाले कार्यों को सूचीबद्ध करें।

90 लीटर हाथभट्टी शराब और 4 टन महुआ लहान की जब्त

नर्मदापुरम में आबकारी विभाग की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम श्री आशीष वशिष्ठ के आदेशानुसार और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को दो टीमों ने कार्रवाई की।

पहली टीम ने वृत्त नर्मदापुरम-ब के माखन नगर स्थित खंजर मोहल्ला में दबिश दी। इस दौरान 70 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा और 3000 किलो महुआ लहान बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 3 लाख 14 हजार रुपए है। म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत 7 प्रकरण कायम किए गए। कार्रवाई वृत्त प्रभारी आरपी अहिरवार, सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में मुख्य आरक्षक राजेश गौर, आरक्षक विकास लोखंडे और धर्मेंद्र के सहयोग से की गई। दूसरी टीम ने वृत्त पिपरिया के ग्राम नयागांव में 5 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। यहां से 20 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा और 950 किलो लहान बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 99 हजार रुपए है। इस मामले में 5 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई वृत्त प्रभारी के.के. पड़रिया, आबकारी उप निरीक्षक के नेतृत्व में आरक्षक गणपत बोबड़े, योगेंद्र और कंचना के सहयोग से की गई।

छठ महापर्व पर इटारसी स्टेशन पर गूंज रहे पारंपरिक गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों को त्योहार की संस्कृति, परंपरा एवं उल्लास से जोड़ने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा एक अभिनव पहल की गई है। इसके तहत देशभर के 30 से अधिक प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से छठ पूजा के पारंपरिक एवं मधुर गीतों का प्रसारण किया जा रहा है।

इसी क्रम में भोपाल मंडल के प्रमुख जंक्शन इटारसी रेलवे स्टेशन पर बिहार की दिशा में प्रस्थान करने वाली छठ पूजा विशेष ट्रेनों के रवाना होने से पूर्व छठ महापर्व के पारंपरिक गीतों का प्रसारण किया जा रहा है। इटारसी स्टेशन परिसर में गूंज रहे 'केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव', 'काँच ही बाँस के बहंगिया' एवं 'छठी मइया के करब हम वरतिया' जैसे लोकप्रिय गीत यात्रियों को अपनी संस्कृति, परंपरा और घर-परिवार की यादों से जोड़ रहे हैं।



छठ पर्व पर अपने गृह प्रदेश लौट रहे यात्रियों के लिए रेलवे की यह पहल यात्रा के अनुभव को और अधिक आत्मीय एवं यादगार बना रही है। विशेष रूप से इटारसी से होकर बिहार एवं पूर्वांचल की ओर जाने वाले यात्रियों को स्टेशन परिसर में ही अपने त्योहार के पारंपरिक वातावरण का अनुभव हो रहा है।

सीनियर डीसीएम श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि त्योहार के दौरान इटारसी स्टेशन पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को व्यवस्थित करने एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। स्टेशन परिसर में अतिरिक्त चेकिंग स्टाफ, आरपीएफ बल की तैनाती तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी की व्यवस्था की गई है।

रेलवे की यह पहल केवल यात्री सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की विविध लोक संस्कृतियों, परंपराओं एवं त्योहारों के प्रति सम्मान और सांस्कृतिक जुड़ाव को भी प्रोत्साहित करती है। छठ गीतों की मधुर स्वर लहरियां इटारसी रेलवे स्टेशन को भक्ति, आस्था और उल्लास के वातावरण से सराबोर कर रही हैं।

इटारसी स्टेशन पर रूकेगी स्पेशल ट्रेन

नर्मदापुरम। दीपावली और छठ के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे मुंबई से रक्सौल के बीच वन-वे स्पेशल ट्रेन चलाएगा।ट्रेन 13 नवंबर की रात 11:20 बजे इटारसी स्टेशन पहुंचेगी। यहां पांच मिनट रुकने के बाद 11:25 बजे रवाना होगी। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, गाड़ी संख्या 01031 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–रक्सौल वन-वे स्पेशल 13 नवंबर 2026 को मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होगी। यह ट्रेन 15 नवंबर की रात 1:25 बजे रक्सौल पहुंचेगी।

रस्सी लेने जा रहे 24 वर्षीय युवक पर चढ़ी ट्राली हुई मौत, परिजनों ने दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी की कृषि उपज मंडी में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से 24 वर्षीय विक्रम उइके की मौत हो गई। उन्हें डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान विक्रम उइके, पिता सेवक उइके, निवासी ग्राम दांडीवाड़ा, थाना सिवनी मालवा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सौरभ पांडे के मुताबिक, विक्रम रात करीब 12 बजे दीपक पाल के साथ मंडी आए थे। चलते ट्रैक्टर से रस्सी लेने जाते समय वे गिर गए और ट्रॉली का पहिया उनके पेट के ऊपर से निकल गया। विक्रम के साथी उन्हें सरकारी अस्पताल ले गए। अस्पताल प्रबंधन ने गुरुवार तड़के करीब 2:10 बजे इटारसी पुलिस को घटना की सूचना दी। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। वे बड़ी संख्या में इटारसी थाने पहुंचे और ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। परिजनों ने कहा कि मामला दर्ज होने तक वे शव अस्पताल से नहीं ले जाएंगे। इसके बाद शव अस्पताल के मर्चुरी रूम में रखा रहा।वहीं थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।



नपाध्यक्ष एवं सीएमओ के निर्देश पर शहर में शुरू हुई रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर को स्वच्छता के शिखर पर ले जाने के लिए नगर पालिका ने कमर कस ली है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में शहर के प्रमुख बाजारों और मुख्य मार्गों पर रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का आगाज कर दिया गया है। इसका सीधा असर यह है कि अब सुबह आंख खुलते ही शहरवासियों को सड़कें पूरी तरह चकाचक और धूल-मुक्त नजर आ रही हैं।

स्वच्छता नोडल अधिकारी अनुराग तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रात्रिकालीन सफाई का यह सिलसिला अब निरंतर जारी रहेगा। अभियान के तहत बीते दो दिनों से सफाई मित्रों की टीम रात के सन्नाटे में शहर को संवारने में जुटी है। बुधवार रात को शहर के हृदय स्थल सतरस्ता, इंदिरा चौक, जयस्तंभ चौक और समूची मेन रोड पर विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरे का उठाव और झाड़ू लगाने का कार्य किया गया। वर्तमान में पावन कार्तिक माह चल रहा है, जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त में पुण्य सलिला मां नर्मदा के घाटों पर स्नान करने जाते हैं। श्रद्धालुओं को सुबह के समय स्वच्छ और पवित्र वातावरण मिले, इस उद्देश्य से नगर पालिका ने रात में ही मुख्य मार्गों को साफ करने की यह सराहनीय पहल शुरू की है।



4 जनवरी 27 को होगा मतदाता सूची का प्रकाशन

नर्मदापुरम। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 नवंबर 2026 को एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। उक्त संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर पुरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मतदाता सूची के फोटो युक्त हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी के प्रारूप की प्रति भी प्रदान की गई।

8 वर्षीय सर्वजीत को माता-पिता से मिलाने परेशान काउंसलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

राजराधा बालगृह नरसिंहपुर में लगभग आठ वर्षीय सर्वजीत एक वर्ष से इस आस में निवासरत है कि उसे माता-पिता मिल जाएंगे। बालगृह में सर्वजीत ने बताया कि वह सोहागपुर का रहने वाला है। अतः काउंसलर दीपचंद सोनी सर्वजीत के साथ गुरुवार सोहागपुर आए। सोहागपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित रूपेश कॉफी हाउस पर दीपचंद सोनी सर्वजीत के साथ पहुंचे और मीडिया को सूचना दी गई। मीडियाकर्मी मौके पर पहुंचे व बालगृह के काउंसलर दीपचंद सोनी से चर्चा की। सोनी के अनुसार गत वर्ष गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को सर्वजीत मिला था। जिन्होंने उसे राजराधा बालगृह नरसिंहपुर को सौंपा। सर्वजीत ने बाल गृह अधिकारियों को बताया कि वह सोहागपुर के किसी गांव सहोडरा का रहने वाला है। जिसके बाद दो बार काउंसलर दीपचंद सोनी सर्वजीत के साथ सोहागपुर आए हैं। जहां उसके परिजनों को खोजने की कोशिश दूसरी बार भी नाकाम सिद्ध हुई है। मामले में हरिभूमि प्रतिनिधि ने सहोडरा ग्राम से मिलते-जुलते सोढरा ग्राम से जानकारी ली, जो सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल का गांव है।



हरिभूमि प्रतिनिधि ने जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल से भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि पांच माह पहले भी सर्वजीत को गांव लाया गया था। तब सर्वजीत ने पिता का नाम राधेश्याम एवं मां का नाम उर्मिला बताया था। तब स्वयं जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने सोढरा तथा सौंथर गांव के सभी राधेश्याम से पूछताछ की थी। लेकिन किसी का भी बालक गुम नहीं होने की सूचना मिली थी। इस बार भी यही स्थिति बनी है।

सोहागपुर भी हैं विकल्प

मामले में काउंसलर दीपचंद सोनी को बताया गया कि मध्य प्रदेश में मात्र नर्मदापुरम् जिले में ही सोहागपुर नहीं है। बल्कि शहडोल के समीप भी सोहागपुर है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी सोहागपुर नाम के कस्बे या शहर हैं। जहां कलेक्टर स्तर के अधिकारियों के माध्यम से पुलिस से संपर्क किया जाए। दीपचंद सोनी ने कहा कि वे नरसिंहपुर पुलिस के सहयोग से मध्य प्रदेश के सोहागपुर नाम के सभी गांवों या कस्बों में संपर्क करेंगे। ताकि सर्वजीत को उसके माता-पिता से मिलाया जा सके। दीपचंद सोनी ने कहा कि उनका प्रयास जल्द से जल्द सर्वजीत को उसके परिवार तक पहुंचाने का है।

समिति की बैठक में लिया गया निर्णय, होगा धार्मिक आयोजन

14 नवंबर को होगा श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति का विशाल नगर अन्नकूट महोत्सव, श्रद्धालुओं से मुक्त हस्त से दान की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

4 नवंबर को होगा श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति का विशाल नगर अन्नकूट महोत्सव, श्रद्धालुओं से मुक्त हस्त से दान की अपील

लकड़गंज स्थित श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विशाल नगर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार, 14 नवंबर 2026 को कार्तिक शुक्ल पंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाला यह धार्मिक आयोजन शाम 6:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक चलेगा।

समिति द्वारा जारी आमंत्रण के अनुसार अन्नकूट महोत्सव में भगवान को विभिन्न प्रकार के पकवानों एवं व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। समिति ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों से महोत्सव में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



आयोजन के साथ ही समिति ने धार्मिक कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं से मुक्त हस्त से सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। अन्नकूट महोत्सव के लिए सामग्री एवं दान स्वेच्छा से प्रदान किया जा सकता है। समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे (पत्रकार) एवं व्यवस्थापक भूपेंद्र विश्वकर्मा (पत्रकार) एवं संपूर्ण आयोजन समिति ने नगरवासियों से आयोजन में सहभागिता करने की अपील करते हुए कहा कि अन्नकूट महोत्सव धार्मिक आस्था, सेवा और सामूहिक सहभागिता का पर्व है। सभी श्रद्धालु सपरिवार उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं।

उल्लेखनीय है कि श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा वर्ष 1970 में स्थापित की गई थी। मंदिर से क्षेत्र के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। समिति द्वारा प्रतिवर्ष धार्मिक परंपराओं के अनुरूप विभिन्न आयोजन किए जाते हैं।

कलेक्टर ने 5 दिसंबर तक सुधार कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

नर्मदापुरम। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने सीवरेज परियोजना के अंतर्गत सड़कों के रेस्टोरेशन कार्य की समीक्षा करते हुए एमपीयूडीसी के अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण रेस्टोरेशन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सीवरेज लाइन बिछाने के बाद कंपनी द्वारा किए गए रेस्टोरेशन कार्य की वास्तविक स्थिति अत्यंत गंभीर है। जिला अधिकारियों के दल द्वारा किए गए सर्वेक्षण में कंपनी के लगभग 70 प्रतिशत कार्य औसत से भी कम गुणवत्ता के पाए गए हैं। कलेक्टर ने जिला स्तरीय सर्वेक्षण दल की रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए बताया कि दल द्वारा शहर में 71 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निरीक्षण किया गया था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष व प्रदेश समन्वयक से मिले शिवाकांत गुड्डन पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ओम सेन ने भोपाल पहुंचकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान नर्मदापुरम जिले की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने जिले में कांग्रेस संगठन की गतिविधियों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा संगठनात्मक कार्यों की जानकारी प्रदेश नेतृत्व को दी। साथ ही जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर विचार-विमर्श किया गया।

इसके बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से भी मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों, विपक्ष की भूमिका और नर्मदापुरम जिले में कांग्रेस की संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा हुई। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समन्वयक मानक अग्रवाल से भी भेंट कर जिले की राजनीतिक एवं संगठनात्मक परिस्थितियों से अवगत कराया। इस दौरान संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई।



शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने बताया कि जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और जमीनी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भोपाल में प्रदेश नेतृत्व से हुई इन मुलाकातों को नर्मदापुरम जिले में संगठनात्मक समन्वय और आगामी राजनीतिक गतिविधियों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

खबर संक्षेप

सांपना, घोघरी जलाशय से आज छोड़ा जाएगा सिंचाई के लिए पानी

बैतूल। सांपना और घोघरी जलाशय से सिंचाई के लिए आज पानी छोड़ा जाएगा। इस पानी से किसान पलेवा कर सकेंगे। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की अध्यक्षता में पिछले दिनों हुई जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अुनसार सापना जलाशय से 3860 हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को पानी दिया जाना सुनिश्चित किया गया था। इसी कड़ी में आज शुक्रवार 13 नवंबर को बैतूलबाजार क्षेत्र में करीब 35 किलोमीटर कैनाल नेटवर्क के किसानों का पानी मिलेगा। जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी भूपेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि इसमें डी-वन कैनाल से टेढ़ा तक तथा डी-2 कैनाल से बाजपुर तक के किसानों को पलेवा के लिए पानी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस बार सापना जलाशय में 74 प्रतिशत ही पानी का जलभराव हुआ है, अत अल्प वर्षा की स्थिति को देखते हुए पेयजल हेतु पानी संरक्षित रखने के कारण क्षेत्र के किसानों को कम ही पानी दिया जा सकेगा। जल संसाधन विभाग के ईई आरके सिंह ने किसानों से अपील की है कि इस साल के पेयजल संकट को देखते हुए पानी का सदुपयोग सुनिश्चित करें। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री आरके सिंह ने बताया कि घोघरी जलाशय से इस साल 5000 हेक्टेयर में पलेवा के लिए एक पानी दिया जाना सुनिश्चित हुआ है। पिछले दिनों कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार घोघरी जलाशय से क्षैत्र के किसानों को 5000 हेक्टेयर में पलेवा हेतु एक पानी दिया जाना है। चूंकि घोघरी जलाशय में इस वर्ष 40 प्रतिशत ही जलभराव है, जबकि वहीं पिछले वर्ष 100 प्रतिशत जलभराव हुआ था। अत अल्प वर्ष की स्थिति को देखते हुए पेयजल संरक्षित करने को दृष्टिगत रखते हुए किसानों को एक ही पानी सिंचाई हेतु दिया जाने का निर्णय समिति की बैठक में लिया गया है। उन्होंने बताया कि अगले एक-दो दिनों में मेन लाइन से अमदर-सूरगांव तम पलेवा के लिए पानी छोड़ा जाएगा।

आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



बैतूल। राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल का अभिनंदन कर भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा भेंट की। इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री द्वारा आयुष चिकित्सकों के हित में की गई पांच लंबित घोषणाओं को लागू कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आयुष चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष करने, चार स्तरीय समयमान वेतनमान (डीएसीपी) लागू करने, 6600 ग्रेड-पे प्राप्त चिकित्सकों को प्रथम श्रेणी का दर्जा एवं वरिष्ठ पदनाम देने, क्लीनिकल एवं नर्सिंग होम एक्ट के तहत आयुष क्लीनिकों के पंजीयन का अधिकार जिला आयुष अधिकारी को देने तथा पीजी उपाधिधारक चिकित्सकों को तीन अतिरिक्त अग्रिम वेतन वृद्धियां देने की मांग की गई। संघ ने बताया कि इन घोषणाओं को हुए एक वर्ष बीत चुका है, लेकिन अब तक इनका क्रियान्वयन नहीं हुआ है। हेमंत खंडेलवाल ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा करने और घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. शशांक झा, प्रांतीय संरक्षक डॉ. महेश शर्मा, प्रांतीय महासचिव डॉ. अनिल वर्मा, जिलाध्यक्ष डॉ. अतुल राय, जिला सचिव डॉ. सरिता डेहरिया एवं डॉ. योगेश खातरकर, सह सचिव डॉ. रवि चौकीकर, डॉ. रविन्द्र पाटिल, डॉ. वेदप्रकाश डेहरिया, डॉ. विशाल वर्मा, जिला सलाहकार डॉ. ए.एम. बरेडे एवं डॉ. योगेश चौकीकर, जिला संरक्षक मोहन नागर एवं डॉ. ए.के. मोहने, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अजय मांडवे, डॉ. प्रहलाद नागले, डॉ. विनिता महादुले एवं डॉ. निधि मालवीय सहित संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

पेयजल संकट से निपटने नगरपालिका ने शुरू की तैयारियां

फिल्टर प्लांट पर स्थापित की मोटरें अतिरिक्त ट्रांसफार्मर खरीदने की प्रक्रिया हुई शुरू



संजय द्विवेदी ⏭ बैतूल

आगामी गर्मी के दिनों में जलसंकट की आहट को देखते हुए नगरपालिका ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। पेयजल सप्लाई में तकनीकी बाधाएं न आएं, इसके लिए मोटर, ट्रांसफार्मर, फ्लो मीटर और पाइपलाइन मरम्मत से जुड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। फिल्टर प्लांट पर अतिरिक्त मोटर स्थापित की है, ताकि मोटर प्रभावित होने की स्थिति बनती है तो अन्य मोटर से पानी की सप्लाई की जा सके।

बता दे कि इस वर्ष जिले में 27 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। जिले में 30 सितंबर तक औसतन 721.9 मिमी बारिश हुई है, जो पिछले साल की तुलना में कम है। ऐसे में जिले के जलाशय भी क्षमता अनुरूप नहीं भर पाये है। जिससे अगामी गर्मी में पेयजल संकट की आशंका बनी हुई है। इन्हीं आशंकाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगरपालिका ने फिल्टर प्लांट पर 240 एचपी की एक अतिरिक्त मोटर स्थापित की है। वहीं ताप्ती बैराज से पानी लाने 335 एचपी की एक नई मोटर भी क्रय की जा रही है। फिल्टर प्लांट पर नई मोटर लगने से यहां चार मोटरे हो गई है, जबकि ताप्ती बैराज पर तीन मोटरे रहेगी। एक मोटर अतिरिक्त रखी जायेगी। ताकि एक मोटर खराब होने पर तत्काल दूसरी मोटर लगाकर पानी सप्लाई चालू किया जा सके। ताप्ती इंटेकवेल और फिल्टर प्लांट के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर खरीदने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके अलावा नगरपालिका ने ताप्ती इंटेकवेल, शहर की पाइप लाइन मरम्मत के लिए सामग्री पहुंचाने अभी ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग होता है। जरूरत के समय सामग्री पहुंचने में देरी होती है और मरम्मत कार्य प्रभावित होते हैं। इसके निराकरण के लिए नपा ने एक चार पहिया वाहन भी खरीदा है।

रोजाना 18.50 एमएलडी पानी की जरूरत

गौरतलब रहे कि वर्तमान में खेड़ी स्थित ताप्ती नदी पर बने बैराज से बैतूल फिल्टर प्लांट तक पानी लाया जा रहा है। यहां से पानी को फिल्टर कर शहर में सप्लाई की जाती है। समस्या यह है कि अभी शहर की जरुरत रोजाना 18.50 एमएलडी (मिलीयन लीटर डेली) पानी की है, लेकिन इस पाइप लाइन से रोजाना 8 एमएलडी पानी ही आ रहा है। इससे रोजाना और पर्याप्त पानी शहरवासियों को नहीं मिल पा रहा है। यही कारण है कि शहर में एक दिन के अंतराल में पानी की सप्लाई करना पड़ रहा है। नपा अधिकारियों के मुताबिक पिछले दिनों ताप्ती बैराज का निरीक्षण कर ज्यादा पानी शहर तक लाने की संभावनाएं तलाशी थी। इसमें यह विकल्प सामने आया था कि यदि एक और पाइप लाइन बिछा दी जाए तो दोगुनी मात्रा में पानी लाया जा सकता है।

शहर में एक दिन के अंतराल में पानी सप्लाई

अभी वर्तमान में शहर में एक दिन के अंतराल में पानी की सप्लाई हो रही है। पर्याप्त पानी नहीं आने से फिल्टर प्लांट की पूरी क्षमता का उपयोग ही नहीं हो पा रहा है। फिल्टर प्लांट की क्षमता 23 लाख लीटर पानी प्रतिदिन फिल्टर करने की है, लेकिन ताप्ती बैराज से अभी 8 एमएलडी पानी ही आ पाता है। अभी 8 एमएलडी पानी आने के कारण एक नई टंकी को बनने के बाद से अभी तक नहीं भरी जा सकी है। इसके अलावा 4 और नई टंकियों का निर्माण भी हो रहा है। नगरपालिका के पास फिल्टर तक पर्याप्त पानी पहुंचाने की व्यवस्था नहीं होने के कारण ही यह सारी स्थिति बन रही है।

लाखापुर में स्टोर रहता है 194 करोड़ लीटर पानी

शहर से 18 किलोमीटर दूर स्थित लाखापुर बांध में पेयजल के लिए 194 करोड़ लीटर पानी स्टोर रहता है। लेकिन इस साल बारिश कम हुई है। लाखापुर बांध की क्षमता 194 करोड़ लीटर है, उसमें केवल 100 करोड़ लीटर पानी ही स्टोरेज हुआ है। यहीं से नगरपालिका पेयजल के लिए इमरजेंसी में माचना नदी में पानी पानी छुड़वाती है, जो नदी में बहते हुए बैतूल शहर के माचना एनीकट तक आता है। ताप्ती नदी में भी पानी का फ्लो कम है। ताप्ती बैराज में भी समय से पहले पानी खत्म हो सकता है। ऐसे में गर्मियों के दिनों में शहर में पेयजल सप्लाई प्रभावित होने की संभावना रहेगी। इन्हीं संभावनाओं को दूर करने के लिए नपा ने तैयारियां शुरू कर दी है।

आईटीआई टंकी के पास बनेगा संपवेल

नपा द्वारा पेयजल वितरण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आईटीआई टंकी के पास संपवेल का निर्माण भी प्रस्तावित है। वितरण प्रणाली के अंतिम छोर पर स्थित होने के कारण इस टंकी तक पर्याप्त पानी का फ्लो नहीं पहुंच पाता। इससे टंकी में पानी का संग्रहण और पंपिंग प्रभावित होती है। इसे ध्यान में रखते हुए संपवेल बनाने के लिए टेंडर भी निकाला जा चुका है और अगले साल तक संभवत सम्पवेल का निर्माण पूर्ण हो जाएगा। यहां पानी सप्लाई की जांच करने के लिए फ्लो मीटर भी लगाया जाएगा।

इनका कहना है -

वर्तमान में 240 एचपी की अतिरिक्त नई मोटर स्थापित हो चुकी है तथा 335 एचपी की बड़ी मोटर का ऑर्डर दिया जा चुका है, जो आगामी दिनो में आ जायेगी। इसके अलावा जलप्रदाय शाखा में मेंटेनेंस के कार्य के लिए 8.55 लाख की लागत से एक वाहन भी खरीदा गया है। जिसका उपयोग मरम्मत के सामान को इधर-उधर पहुंचाने हेतु एवं जलप्रदाय शाखा के अन्य कार्यो के लिए किया जायेगा। ट्रांसफार्मर के लिए टेंडर जारी कर दिए गए है। इसका अनुबंध चावला कंस्ट्रक्शन कंपनी से हो भी चुका है। इसके अलावा बोर की कैपेसिटी बढ़ाने की प्रक्रिया भी चल रही है तथा टंकियों में पानी सप्लाई की जांच करने के लिए फ्लो मीटर के लिए भी टेंडर निकाले जा चुके है।

- राहुल शर्मा, सब इंजीनियर, जलप्रदाय शाखा, नपा बैतूल

अज्ञात कारणों से लगी आग, घर का सामान जला



भैंसदेही। मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें मकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया। इसकी शिकायत पीड़ित ने भैंसदेही थाने में दर्ज कराई है। शिकायत में सुमित पिता केशव बारस्कर पिपरियां ने बताया कि 8 नवंबर को रात्रि करीब 8.30 बजे अपने दोनों छोटे भाई-बहन के साथ बुआ के घर खाना खाकर गांव में दुकान पर गया था। घर पर ताला लगा था। तभी मेरी गली में लोग इकठ्ठा हो रहे थे। जब मैं वहां पहुंचा तो मेरे घर में आग लगी हुई थी। जिसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाई। लेकिन तब तक मकान के अंदर रखा सामान जल चुका था। पीड़ित ने बताया कि आग कैसे लगी, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। आगजनी की इस घटना में पीड़ित को लगभग एक लाख रूपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शासकीय आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव 17 नवंबर को

बैतूल। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बैतूल में 17 नवम्बर को एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। संस्था प्राचार्य ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को रोजगार से जोडना है।

30 हजार के छह बंडल बरामद, एक गिरफ्तार

दिन में बंद रहती थी लाइन, फायदा उठाकर काट ले गए 600 मीटर तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

सालीमेट से झापड़ी के बीच 11 केवी बिजली लाइन से 600 मीटर एल्युमिनियम तार चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपियों ने दिन के समय बिजली आपूर्ति बंद रहने का फायदा उठाकर तार काट लिए थे। चोरी के बाद तार के बंडलों को बीजादेही रोड किनारे झाडिय़ों में छिपा दिया था। पुलिस ने जांच के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर करीब 30 हजार रुपए कीमत के तार के छह बंडल बरामद किए हैं। वारदात में तीन लोगों के शामिल होने की बात सामने आई है। इनमें एक आरोपी दूसरे चोरी के मामले में केसला पुलिस की गिरफ्त में है, जबकि तीसरा फरार है। जानकारी के अनुसार, 24 अक्टूबर को सालीमेट-झापड़ी 11 केवी बिजली लाइन से एल्युमिनियम तार चोरी हो गए थे। विद्युत विभाग ने इसकी शिकायत भौंरा पुलिस चौकी में दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने मंगलवार को सोनादेह निवासी माखन पिता शनिराम मवासे (38) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात में योगेश धुर्वे और पहलाद कुरी के शामिल होने की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, योगेश धुर्वे को अन्य चोरी के मामले में केसला पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि पहलाद कुरी अभी फरार है।

दिन में बंद रहती थी लाइन इसी का उठाया फायदा

सालीमेट से झापड़ी के बीच 11 केवी बिजली लाइन से मुख्य रूप से मोटर पंप और अन्य बड़े विद्युत कनेक्शनों को आपूर्ति दी जाती है। इस लाइन में सामान्यतः रात के समय बिजली आपूर्ति होती थी, जबकि दिन में अक्सर लाइन बंद रहती थी। इसी स्थिति का फायदा उठाकर आरोपियों ने दिन के समय तार काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

कार्रवाई नहीं होने से बढ़ रहा कारोबार, शराब की आदि हो रही युवा पीढ़ी

खामला में जगह-जगह बिक रही अवैध शराब, आबकारी विभाग मौन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब का कारोबार एक बार फिर जोर पकडऩे लगा है। खामला के सूत्र बताते है कि भैंसदेही से लगे कुकरू खामला में किराना दुकान, जनरल स्टोर्स, ढाबो पर बेधडक़ खुलेआम अवैध शराब परोसी जा रही है। यह अवैध शराब , शराब माफिया के एजेंटों के माध्यम से सप्लाई की जा रही है। लेकिन आबकारी और पुलिस गहरी नींद में सोई है जब कोई अनहोनी हो जाती है। अवैध शराब के धंधे में मोटा फायदा होने की वजह से कई प्रभावशाली लोगों का भी अवैध शराब के कारोबारियों के ऊपर हाथ रहता है। दो तरह की अवैध शराब भैंसदेही क्षेत्र में खपाई जा रही है। एक दूसरे राज्यों से तस्करी कर लायी गई शराब के क्वार्टर में रैपर व मोनोग्राम बदलकर बिक्री की जाती है, दूसरी कच्ची शराब बेची जाती है। पुलिस से बचने के लिए अवैध शराब का धंधा करने वालों ने अपना तरीका बदल दिया है। पुलिस व आबकारी विभाग का दल कच्ची शराब के खिलाफ कभी कभार कार्रवाही कर इतिश्री कर लेती है।

आबकारी विभाग की कार्यवाही पर सवाल

अवैध शराब के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने की वजह से यह कारोबार लगातार फलफूल रहा है। इस कारोबार में अब युवा भी शामिल होने लगे है। जिससे उनका भविष्य खराब हो रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिस और आबकारी विभाग कठोर कार्रवाही करे तो शराब का अवैध कारोबार पूरी तरह बंद हो सकता है। लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिसकी वजह से अवैध शराब का कारोबार दिनोंदिन फैल रहा है।

दूसरे राज्यों से भी लाई जा रही शराब

सूत्र बताते है कि भैंसदेही सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महाराष्ट से भी शराब लाकर बेची जा रही है। लोग बताते है कि महाराष्ट्र सीमा से लगे गांवों में महाराष्ट्र क्षेत्र की शराब पहुंचती है। यह शराब सस्ती होने के कारण लोग खरीदते है। इसके अलावा कच्ची शराब का कारोबार भी खूब फलफूल रहा है। लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह कच्ची शराब का विक्रय जोरों पर है। जिसकी वजह से युवा इस नशे की लत में समाते जा रहे है। लोगों ने पुलिस और आबकारी विभाग से अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुवे मजबूत अभियान चलाकर इस अवैध कारोबार को बंद करने की मांग की है।

कार्रवाई करेंगे

क्षेत्र में अवैध शराब के मामले मे लगातार कार्यवाही की जा रही है खामला क्षेत्र की खबर मिल रही है कार्यवाही कि जाएगी।

पीएस लोखंडे आबकारी निरिक्षक भैसदेही

संचालक ने आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की

रेस्टोरेंट में तोड़फोड़, संचालक को धमकी देने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

दाडीवाडा के एक रेस्टोरेंट एवं होटल में कथित तौर पर घुसकर गाली-गलौज, तोडफ़ोड़ और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। रेस्टोरेंट संचालक स्वस्तिल जायसवाल ने 12 नवंबर को भौंरा पुलिस चौकी में आवेदन देकर पांच लोगों के खिलाफ शिकायत की है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, 10 नवंबर की रात करीब 12.30 बजे अजय राव उर्फ टिंकू, गोपाल, बिल्लू राव, आशीष राव और उनका एक अन्य साथी रेस्टोरेंट पहुंचे थे।

संचालक का आरोप है कि इन लोगों ने उनके मैनेजर के साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद होटल के कमरों में घुसकर उनकी तलाश की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में रेस्टोरेंट के दरवाजों, कुर्सियों और टेबल में तोडफ़ोड़ करने के साथ स्कॉर्पियो वाहन एवं ट्रैक्टर पर लाठियों से हमला कर नुकसान पहुंचाने का भी उल्लेख किया गया है। संचालक ने आवेदन में बताया कि घटना के दौरान लाल रंग की बोलेरो गाड़ी का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने पुलिस से वाहन की पहचान कर उसकी भूमिका की जांच करने की मांग की है।

पहले भी दर्ज कराई गई थी शिकायत

आवेदन के मुताबिक, घटना के संबंध में मैनेजर की ओर से पहले ही पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। संचालक ने भी अपनी ओर से अलग से शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन रात करीब 12 से 2 बजे के बीच रेस्टोरेंट बंद कर घर लौटते हैं। कथित धमकियों के चलते उन्हें अपनी और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता है।

संचालक ने पुलिस से वाहनों एवं रेस्टोरेंट में हुए नुकसान की जांच, सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण, आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराने और शिकायत में नामजद लोगों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

इनका कहना है

घटना की शिकायत प्राप्त हुई थी। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। फिलहाल प्रकरण की विवेचना की जा रही है और नामजद आरोपियों की तलाश जारी है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

नीरज खरे, चौकी प्रभारी, भौंरा

ज्वेलरी देखने के बहाने सोने के आभूषण से भरा पैकेट जेब में रखकर भाग निकले

शातिराना अंदाज में ज्वेलरी शॉप से चोर ले उड़े 20 लाख के जेवर

पैकेट में था 123 ग्राम सोना, वारदात के बाद शहर में घूमते रहे शातिर चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

शहर के व्यापारिक क्षेत्र बगडोना में शातिराना अंदाज में चोरी का मामला सामने आया है। यहां आरना ज्वेलर्स में आभूषण देखने के बहाने एक शातिर चोर सोने से भरा एक पैकेट जेब में रखकर भाग निकला। इस बात की पुष्टि संदेह होने पर सीसीटीवी फुटेज देखने पर हुई। वीडियो फुटेज में टोपी पहना एक व्यक्ति आभूषण देखते देखते पैकेट जेब में रखता नजर आ रहा है।

यह घटना मंगलवार दोपहर 3 से 3:30 बजे की बताई जा रही है। जिसकी सूचना तत्काल ज्वेलरी शॉप संचालक अरविन्द सोनी द्वारा सारनी पुलिस को दी गई और वीडियो फोटो उपलबद्ध कराए गए। जबकि घटना के दो घंटे तक शातिर चोर शहर में ही घूमते रहे। इसकी पुष्टि शॉपिंग सेंटर में स्थित आकाश ज्वेलर्स केसीसी टीवी कैमरे में कैद हुए चोरों से हुई है। दरअसल बगडोना स्थित आरना ज्वेलर्स में



चोरी करने वाले शातिर चोर ही शॉपिंग सेंटर के आकाश ज्वेलर्स शॉप में खरीदी के बहाने ज्वेलरी देखते नजर आ रहे हैं। ज्वेलरी शॉप संचालक अरविन्द सोनी ने बताया उनके बगडोना स्थित शॉप से 123 ग्राम सोने के आभूषण चोरी हुए हैं। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 20 लाख है। जबकि पुलिस द्वारा महज 90 हजार मूल्य के आभूषण चोरी होने की एफआईआर दर्ज की है। रात में पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाकर आरोपियों की तलाश में टीम रवाना की है।

बाइक से आए थे चोर

पहली घटना जहां ज्वेलरी शॉप में चोरी हुई है। वहां सिर पर टोपी पहने एक चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। जबकि दूसरा साथी बाइक लेकर आता दिखाई दे रहा है। चोरी करने के बाद बाइक पर बैठकर दोनों सारनी की ओर जाते दिखाई दे रहे हैं। जबकि दूसरी घटना शॉपिंग सेंटर की है। यहां ज्वेलरी शॉप में दोनों व्यक्ति एक साथ सीसीटीवी में कैद हुए हैं। इस ज्वेलरी शॉप में हाथ की सफाई करने में दोनों चोर सफल नहीं हो सके। सीसीटीवी में कैद बाइक बजाज कंपनी की पल्सर दिखाई दे रही है। जिस पर नंबर नहीं है।

पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे

बगडोना के ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस हरकत में आई और सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुट गई। पुलिस को ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाले दोनों चोरों के वीडियो फुटेज मिल गए हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दोनों कर नर्मदापुरम के केसला में भी सीसीटीवी में कैद हुए हैं। इससे यह तो तय है कि दोनों शातिर चोर प्लानिंग करके औद्योगिक नगरी में वारदात को अंजाम देने आए थे। पुलिस द्वारा सभी पहलुओं को गंभीरता से लेकर मामले की जांच और चोरों की तलाश की जा रही है।

इनका कहना है -

घटना स्थल का निरीक्षण किया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है। प्रथम दृष्टया चोर बाहर के प्रतीत हो रहे हैं। जिनकी तलाश में टीम रवाना की है।

-जयपाल इवनाती, थाना प्रभारी सारनी।

सारनी में जनसंवाद शिविर आज

बैतूल। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के तहत 13 नवंबर को दोपहर 3 बजे से सरस्व ती शिशु मंदिर मठारदेव कालोनी सारनी में जन संवाद शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कैप्टन (नौसेना) सुमीत सिंह (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा शिविर में भूतपूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

CHANGE OF NAME & DOB

I, **Laloo Bai** is mother of No.- 10390716N Sep **Sanjay Kumar Raghuwanshi** (Retd) resident at Vill.- Subhashnagar, Pathakhera, Teh.- Ghoradongri, Distt.- Betul (MP) PIN- 460449, have changed my name from **LALLO BAI** to **LALLO** with date of birth **02/03/1962** (Two March Nineteen Sixty Two) vide affidavit dated 12/11/2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt.- Betul (MP)

कांग्रेस ने लगाया नप पर गुणवत्ताविहीन सड़क निर्माण का आरोप

सड़क की जांच कराने कलेक्टर के नाम सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर परिषद सोहागपुर द्वारा दो वर्ष पूर्व नगर के रेलवे स्टेशन से जयमल कॉलोनी तक बनाई गई सड़क के गुणवत्ताहीन होने का आरोप कांग्रेस ने लगाया है। गुरुवार दोपहर कांग्रेस ने नर्मदापुरम कलेक्टर के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल व कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ



जिलाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित ने एसडीएम डॉ. बबीता राठौर को सड़क की खामियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बनाई गई सड़क पूर्णतः गुणवत्ता विहीन है। जिसमे वर्तमान में गड्ढे हो गए हैं। जिससे आए दिन वाहन दुर्घटना हो रही है। उक्त सड़क पर वन विभाग कार्यालय, मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय, कॉलेज, एसडीएम, तहसीलदार तथा न्यायाधीश आवास, लोनिवि रेस्ट हाउस आदि हैं। उक्त सड़क को बनाने में ठेकेदार ने बहुत अधिक अनिमियता की है। अतः कार्यवाही की जाए। इस दौरान प्रशांत जायसवाल, ऋषभ दीक्षित, सुधीर सिंह, जलज शर्मा, आकाश चौरसिया, इरफान खान, कमलेश मालवीय, गणेश अहिरवार, शहीद खान व अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

कांग्रेस ने दी 15 दिन की डेडलाइन

नगर कांग्रेस कमेटी सोहागपुर ने ज्ञापन द्वारा एसडीएम डॉ. बबीता राठौर से मांग की है कि 15 दिनों में सड़क सुधार करने के निर्देश नप को दें। साथ ही संबंधित ठेकदार के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश देने की मांग भी कांग्रेस ने की है। साथ ही ज्ञापन में उल्लेख है कि यदि 15 दिवस में उक्त सड़क को सुधारा नहीं गया तो कांग्रेसी मजबूर हो कर उग्र आन्दोलन करने के लिए विवश होंगे। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

कांग्रेस ने सांसद जनार्दन मिश्रा का जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

किसान कांग्रेस के नेतृत्व में रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा का पुतला दहन रेहटी पुराने बस स्टैंड पर पर किया गया।

किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल ने बताया कि भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा ने किसानों को कहा कि 3 महीने मेहनत करते हैं इसके बाद वह शराब पीते हैं, इस वजह से किसानों का अपमान हुआ है, जिसके तहत किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा रेहटी के पुराने बस स्टैंड पर पुतला दहन का जमकर नारेबाजी की इस मौके पर किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु प्रसाद ठाकुर, रघुवीर सिंह पटेल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, मंगल सिंह ठाकुर, प्रेम नारायण गुप्ता प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस, मलखान सिंह चंद्रवंशी, मेहताब सिंह चौहान, जितेंद्र सोनी, दीपक चौहान, अंकित चौहान, अमित मोन्टी पटेल, कैलाश यादव विपत सिंह उईके मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



गोवर्धन पूजा पर किसानों ने किया बैलों का पूजन

चापड़ा। ग्रामीण अंचल में दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा का पर्व उत्साह और परंपरागत श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किसानों ने अपने पशुओं, विशेषकर बैलों का आकर्षक श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजन किया और उन्हें खीर-पूरी खिलाई। किसान मुकेश वैष्णव, अरुण वैष्णव, इंदरसिंह सेंधव और धर्मेंद्र सिंह सेंधव के यहां पंडित ऋषिराज शर्मा एवं दीपक त्रिवेदी की उपस्थिति में बैलों को आकर्षक रूप से सजाकर विधि-विधान से पूजन किया गया। पूजन के बाद आतिशबाजी भी की।

गोशाला में किया गया गायों का पूजन

चापडा। ग्राम पंचायत चारिया में निर्मल गंगा सागर गौशाला में मंगलवार को गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष निर्मला हुकुमचंद कंठाली, यंत्री दीपक पटेल, सरपंच संगीता चौहान, प्रभुलाल पाटीदार और दिनेश पाटीदार उपस्थित रहे। इस अवसर पर गौशाला की सभी गायों को का श्रृंगार किया गया। गोवर्धन पूजा करने के पश्चात गायों का पूजन किया गया।
इस अवसर पर ग्रामवासी उपस्थित रहे।

राजस्व, पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त बैठक

अवैध परिवहन व अधिक कीमत पर शराब बेचने वालों पर करें कार्रवाई

जिले में अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा अमानक शराब की बिक्री रोकने के लिए राजस्व, पुलिस एवं आबकारी विभाग को संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले में अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा अमानक शराब की बिक्री रोकने के लिए राजस्व, पुलिस एवं आबकारी विभाग को संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध रूप से शराब बेचने, अमानक शराब का विक्रय करने तथा निर्धारित कीमत से अधिक दर पर मदिरा बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मैदानी अमला रहे सक्रिय

कलेक्टर वशिष्ठ ने आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विकासखंड स्तरीय आबकारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध शराब के परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए मैदानी अमले को सक्रिय किया जाए।

सीमावर्ती क्षेत्रों में रखी जाए निगरानी

विशेष रूप से जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब की आवक पर कड़ी निगरानी रखी जाए। इसके लिए राजस्व, पुलिस एवं आबकारी विभाग का मैदानी अमला आपसी समन्वय के साथ सतर्कता बरते और संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं अमानक शराब के विरुद्ध सभी संबंधित विभाग योजनाबद्ध तरीके से संयुक्त कार्रवाई करें।

पर्याप्त बल मौके पर रहे मौजूद कराई जाए वीडियोग्राफी

किसी भी कार्रवाई के दौरान पुलिस, आबकारी एवं राजस्व विभाग का पर्याप्त बल मौके पर मौजूद रहे एवं पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी हो ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए कि शराब के परिवहन में उपयोग किए जाने वाले वाहनों का रूट चार्ट संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों के साथ साझा किया जाए। इससे परिवहन मार्गों की निगरानी और संदिग्ध वाहनों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सकेगी।

उन्होंने मदिरा दुकानों में विक्रय के लिए रखी गई शराब की नियमित सैंपलिंग कराने के निर्देश भी दिए, ताकि मदिरा की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही सभी मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों की सूची पुलिस विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे संबंधित कर्मचारियों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन कराया जा सके।

बैठक में विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव द्विवेदी उपस्थित रहे। इसके अलावा जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं आबकारी विभाग का मैदानी अमला वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब पर कार्रवाई जारी है।

क्षमता से अधिक सामग्री भरकर हाईवे पर दौड़ाए जाते वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में क्षमता से अधिक सामग्री रखकर स्टेट हाईवे पर वाहन दौड़ाए जा रहे हैं। खासकर ट्रैक्टर ट्राली में अत्यधिक मात्रा में उपज रखी जा रही है। जिनके कारण रात्रि में दुर्घटना हो सकती है। 17 जनवरी 2026 को सोहागपुर में बिना रेडियम लगे हैवी लोडेड ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर तीन स्कूली बच्चों की मृत्यु हुई थी।

उसके बाद भी प्रशासन नियम पालन को लेकर सख्त नहीं है। जिसके चलते दुर्घटनाओं की आशंकाएं बढ़ रही हैं।

रूस से चिकित्सा की पढ़ाई कर डॉ. अब्दुल अज़ीम खान ने उत्तीर्ण की एफएमजीई परीक्षा



सोहागपुर। सोहागपुर क्षेत्र निवासी डॉ. अब्दुल अज़ीम खान ने विदेश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है। डॉ. खान ने रूस से एमबीबीएस की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद भारत में चिकित्सा प्रैक्टिस के लिए अनिवार्य विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा एफएमजीई उत्तीर्ण की है। यह विशेष परीक्षा नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन द्वारा आयोजित की जाती है, जिसे उत्तीर्ण करना विदेश से पढ़े मेडिकल छात्रों के लिए एक बड़ी चुनौती माना जाता है। डॉ. खान की इस उपलब्धि से परिजनों, मित्रों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। परिजनों ने बताया कि डॉ. अब्दुल अज़ीम खान बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं और उनका सपना मानव सेवा करना है।

सोहागपुर शहर में ठप पड़ी सफाई व्यवस्था परेशान हो रहे नागरिक, सफाई की मांग

खास दीपावली के दिन शहर के कुछ क्षेत्रों में नहीं हुआ कचरा संग्रहण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर में सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है। तथा नागरिक बहुत अधिक परेशान हैं। समय पर कचरे का संग्रहण निकाय द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिसे लेकर नागरिकों में रोष व्याप्त है।

शहर के नागरिकों ने बताया कि दीपावली के दिन भी शहर के कुछ मोहल्लों से कचरा संग्रहण नहीं किया गया। भारतीय स्टेट बैंक की पुरानी शाखा के पीछे स्थित गौतम वार्ड क्षेत्र में दीपावली के दिन कचरा संग्रहण नहीं किया गया। क्षेत्रवासियों ने दीपावली की सुबह करीब नौ बजे नगर परिषद के स्वच्छता शाखा प्रभारी को फोन लगाया और कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंचने की जानकारी दी। तो प्रभारी ने कहा कि कुछ ही देर में कचरा संग्रहण वाहन पहुंचने वाला है। लेकिन वाहन 24 घंटे बाद अर्थात दीपावली के दूसरे दिन कचरा संग्रहण के लिए पहुंचा। जिसे लेकर नागरिकों में रोष है कि वर्ष के सबसे बड़े त्यौहार पर लोगों के घरों में कचरे के ढेर लगे रहे और निकाय का कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंचा। नागरिकों ने इस अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से व्यवस्था के दोष दूर करने की अपेक्षा की है।

छात्राओं ने राज्य स्तर पर जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विगत दिनों ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम 70 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के ताइक्वांडो अंडर 19 वर्ग में पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की खिलाड़ी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। 1 से 4 नवंबर तक संचालित प्रतियोगिता में भाग लिया गया। जिसमें प्रथम पुर्णिमा ठाकुर ने स्वर्ण पदक विजेता रही। वासुदेव विश्वकर्मा रजत पदक विजेता अनामिका पटेल निहारिका ठाकुर ने कांस्य पदक जीता। इसके अलावा जिले से कीर्ति ठाकुर शिवा गुप्ता वंदना दुबे आदित्य राय देवास नवाडे तेजस शर्मा अंश पटेल ने अच्छा प्रदर्शन किया जिससे पिपरिया एवं जिले का नाम रोशन किया हैइस अवसर पर प्राचार्य अरविंद रघुवंशी, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं बधाई दी।

युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कुलदीप रघुवंशी का अल्प प्रवास, संगठन मजबूती पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



भाजपा जिला युवा मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष कुलदीप रघुवंशी ने एक दिन के अल्प प्रवासपर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। कुलदीप रघुवंशी ने सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों के निज निवास पर मुलाकात करते हुए भाजपा कार्यालय में भी सभी से मुलाकात की गई। सबसे पहले विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पवन वालिया जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से मुलाकात की गई थी। सभी लोगों ने शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। सैंकड़ों की संख्या में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। जगह जगह स्वागत सम्मानित किया गया। भाजपा कार्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका संचालन सुजीत रघुवंशी ने किया।

मटकुली, मोकलवाड़ा और गांधी वार्ड में उमड़ी भीड़, गांगो माई की पूजा की

ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास के साथ मना 'मंढई' पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



दीपावली के पावन पर्व भाई दूज के अवसर पर पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण व नगरीय अंचलों में पारंपरिक और सांस्कृतिक आस्था के प्रतीक 'मंढई मेले' का भव्य आयोजन किया गया। मटकुली, मोकलवाड़ा और गांधी वार्ड में आयोजित इन मेलों में आसपास के दर्जनों गांवों से ढालें लेकर पहुंचे ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मेलों के दौरान लोक संस्कृति, परंपरा और आपसी भाईचारे का अनूठा संगम देखने को मिला।

ग्राम पंचायत मटकुली के विशाल मंढई मेला ग्राउंड में पारंपरिक उल्लास के साथ मेला संपन्न हुआ। आसपास के अनेक गांवों से ढालें तैयार कर लाई गईं। मेले परिसर में गांगो माई का विशेष स्थान सजाया गया, जहाँ सभी ढालों को एकत्रित कर विधि-विधान से गांगो माई की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद चंडी माँ की परिक्रमा करते हुए आदिवासी समुदाय की पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।मुख्य पंडा विश्राम कहार और सुखराम कहार ने पारंपरिक अनुष्ठान संपन्न कराते हुए पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल, आदित्य पलिया, नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल, नवनीत नागपाल, सरपंच नेहा धुर्वे, उपसरपंच संजय दुबे, भगवान दास साहू, बिड़ी साहू, रेवती पाल, कमल किशोर पाल, गोलू पटेल और सचिव जितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके साथ ही, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के बैनर तले भी ढाल लेकर पहुँचने वाले सभी मानवलों और गणमान्य नागरिकों का शाल, श्रीफल एवं गमछा भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत मोकलवाड़ा में सरपंच कमल बान, माधो सिंह रघुवंशी सहित तमाम पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति में मंढई का पर्व धूमधाम से मनाया गया। गांधी वार्ड में नपा क्षेत्र के गांधी वार्ड में नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष परतें के नेतृत्व में मेला आयोजित हुआ, जिसमें नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कांग्रेस में अंतर्कलह उजागर: सांसद जनार्दन मिश्रा के पुतला दहन कार्यक्रम से कटे कई धड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



विधानसभा क्षेत्र में पिछले 18 वर्षों से कांग्रेस पार्टी के विपक्ष में रहने के बावजूद अंदरूनी गुटबाजी और आपसी फूट थमने का नाम नहीं ले रही है। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में मंगलवारा चौराहे पर देखने को मिला, जहाँ अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान के निर्देशानुसार विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

सांसद के बयान का विरोध

यह विरोध प्रदर्शन रीवा के भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा किसानों के संबंध में की गई कथित टिप्पणी के विरोध में रखा गया था। नगर कांग्रेस किसान संघ के अध्यक्ष राजू पटेल के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकार को किसान विरोधी करार दिया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र के वादों के अनुसार किसानों के हित में कोई कार्य नहीं किया है। कार्यक्रम के दौरान जब कार्यकर्ताओं ने सांसद का पुतला दहन करने का प्रयास किया, तो मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए पुतला छीन लिया और पानी डालकर आग बुझाई।

नदारद रहे कांग्रेस के अन्य संगठन:

इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस के भीतर की गुटबाजी खुलकर सामने आ गई। प्रदर्शन में केवल किसान कांग्रेस से जुड़े रमेश पटेल के गुट के लोग ही नजर आए। वहीं, कांग्रेस पार्टी के विधानसभा प्रभारी, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, महिला मोर्चा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और नगर कांग्रेस कमेटी सहित अन्य तमाम प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम से पूरी तरह दूरी बनाए रखी।

खबर संक्षेप



युवा संगम में 98 युवाओं का प्राथमिक चयन

हरदा। जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरूवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई हरदा में रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला युवा संगम का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि इस मेले में 4 कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। मेले में कुल 138 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 98 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया।

आज टेमागांव में लगेगी किसान चौपाल

हरदा। जिले में किसानों को शासकीय योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज टिमरनी विकासखंड के ग्राम टेमागांव में हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में किसान चौपाल आयोजित होगी। शाम 4 बजे से किसान चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसके ही साथ ही मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत हरदा जिले में प्रत्येक शुक्रवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आज टेमागांव के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल प्रांगण में शिविर आयोजित होगा, जिसमें भादूगांव, डोलरिया, कपासी, नांदवा, सिरकम्बा, टेमागांव, बोरी, कायरी, राजाबरारी व टेमरुबहार के ग्रामीण शामिल होंगे।

बाल विवाह रोकने के लिए उड़नदस्तों का गठन किया

हरदा। जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के तहत हरदा, खिरकिया एवं टिमरनी विकासखंड स्तर पर उड़नदस्तों का गठन किया गया है। प्रत्येक उड़नदस्ते की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) करेंगे। इन दलों में तहसीलदार, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, विकासखंड चिकित्सा एवं शिक्षा अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, थाना प्रभारी, सेक्टर पर्यवेक्षक एवं चाइल्ड लाइन के सदस्य शामिल रहेंगे।विशेष रूप से देवउठनी एकादशी के अवसर पर होने वाले सामूहिक विवाह आयोजनों पर नजर रखी जाएगी।

महामना की पुण्यतिथि पर श्री गौड़ समाज ने किया स्मरण

खरगोन/बनारस हिंदू विश्व विद्यालय के संस्थापक भारत रत्न महामना पंडित मदनमोहन की पुण्यतिथि के अवसर पर श्री श्री गौड़ समाज खरगोन द्वारा उनका पुण्य स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए खरगोन श्री श्री गौड़ समाज इकाई अध्यक्ष पंडित जितेन्द्र जोशी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा की महामना समाज की वो महान विभूति थे जो एक समर्पित सनातनी, स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ, और प्रकांड कर्मकांडी ब्राह्मण थे देश की आजादी के पूर्व ही कांग्रेस जैसे वृहद संगठन के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया श्री गौड़ समाज के युवाओं को चाहिए कि वे वर्तमान समय में महामना के जीवन वृत्त का अनुसरण कर समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे कार्यक्रम में श्री गौड़ ब्राह्मण समाज के रवि नाईक,राजेश मंडलोई,ललित शुक्ला, नितेश शुक्ला, अंकित मंडलोई, हर्ष जोशी मनीष जोशी, आदि युवा साथी उपस्थित थे।

भाजपा कार्यालय में किया लक्ष्मी पूजन

खरगोन। दीपों का पर्व दीपावली उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। घर और आंगन असंख्य दीपों की झिलामिलाहट ने जगमगा उठे। भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नन्दा ब्राह्मणे ने विधायक बालकृष्ण पाटीदार सहित अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में लक्ष्मी पूजन किया। पंडित दिलीप ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा कराई। ब्राह्मणे शुभकामनाएं देते हुए कहा इस खुशियों भरे पर्व पर छाई खुशियां वर्षभर बनी रहे।

स्वामित्व रजिस्ट्री का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें: कलेक्टर

कार्य में शिथिलता पर एसडीएम टिमरनी को चेतावनी, दो तहसीलदारों को थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कलेक्टर कुमार सत्यम ने जिले की खिरकिया, टिमरनी एवं हंडिया तहसीलों में राजस्व अधिकारियों एवं पटवारियों की बैठक लेकर स्वामित्व योजना के अंतर्गत रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वामित्व रजिस्ट्री का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। इस कार्य में आ रही समस्याओं एवं बाधाओं का तत्काल निराकरण कर सभी संबंधित गांवों में रजिस्ट्री की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आधार ऑपरेटरों एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों को फील्ड में भेजकर हितग्राहियों के आधार कार्ड एवं समग्र आईडी का अपडेशन, ई-केवाईसी तथा आधार से मोबाइल नंबर लिंकिंग का कार्य तेजी से कराया जाए।

उन्होंने कहा कि इन कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, ताकि हितग्राहियों की स्वामित्व रजिस्ट्री समय पर पूरी हो सके। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों एवं पटवारियों को सुव्यवस्थित कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वामित्व रजिस्ट्री में आ रही प्रत्येक समस्या का संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय से तत्काल निराकरण करें। जिले में स्वामित्व रजिस्ट्री के कार्य को शत-प्रतिशत संतृप्ति के स्तर तक पहुंचाया जाए।

अधिकारियों को नोटिस-टिमरनी में स्वामित्व रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा के दौरान कार्य में शिथिलता पाए जाने पर कलेक्टर ने एसडीएम टिमरनी असवनराम चिरामन को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए। वहीं तहसीलदार टिमरनी देवशंकर धुर्वे एवं तहसीलदार रहटगांव शंकर सिंह रघुवंशी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में नांदवा की पटवारी उमा चंदेरी के अनुपस्थित रहने पर उनके निलंबन की कार्रवाई के लिए भी कलेक्टर ने निर्देशित किया।

तहसीलों में हुई समीक्षा बैठकें-खिरकिया में आयोजित बैठक में खिरकिया एवं सिराली तहसीलों के पटवारी शामिल हुए, जबकि टिमरनी में आयोजित बैठक में टिमरनी एवं रहटगांव तहसीलों के पटवारियों ने भाग लिया। हंडिया तहसील की बैठक में वहां के पटवारी उपस्थित रहे। हरदा तहसील के पटवारियों की बैठक अपर कलेक्टर अनुपमा चौहान द्वारा ली गई।

21 दिसंबर तक चलेगा बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता अभियान

हरदा। जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन और आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर से 21 दिसंबर 2026 तक ह्यबाल विवाह मुक्त भारत अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर कुमार सत्यम ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने के लिए रैली, शपथ, निबंध, भाषण एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में भी जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

जनजातीय गौरव दिवस पर प्रेसवार्ता

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 18 तक होंगे कार्यक्रमः पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

गुरुवार शाम भाजपा कार्यालय में जनजातीय गौरव दिवस को लेकर प्रेसवार्ता हुई। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 11 से 18 नवंबर तक कार्यक्रम होंगे। युवाओं को भी इनसे जोड़ा जाएगा। पटेल ने कहा कि जिला मुख्यालय में पार्क का नाम बिरसा मुंडा और चौराहे का नाम वीरांगना दुर्गावती के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने करीब 60 साल सत्ता में रहने के बाद भी जनजातीय समुदाय को उनके अधिकार नहीं दिए। पटेल ने कहा कि संविधान में अनुसूचित जनजातियों के हितों की रक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए थे, लेकिन कांग्रेस सरकारों ने उन्हें सही तरीके से लागू नहीं किया।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समय आदिवासियों को जंगलों से दूर करने और उनके अधिकार सीमित करने के लिए कानून बनाए गए। जंगलों के संसाधनों का इस्तेमाल बड़े उद्योगों और कारोबार के लिए हुआ, लेकिन जंगलों पर निर्भर आदिवासी परिवारों को इसका उचित लाभ नहीं मिला। पटेल के मुताबिक, 2014 में पीएम मोदी सरकार बनने के बाद आदिवासी समाज के विकास के लिए कई योजनाएं शुरू की गईं। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (ढश्ळऋ) की बस्तियों तक पक्के मकान, सड़क, बिजली और पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत करीब 63 हजार आदिवासी बहुल गांवों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने और पांच करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभ देने का लक्ष्य है।

विरासत को जन-जन तक पहुंचाई जाएगी

भाजपा आदिवासी गौरव सप्ताह के रूप में मनाएगी बिरसा मुंडा जयंती, कार्यक्रम होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



मध्य प्रदेश में भाजपा जनता पार्टी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती आदिवासी गौरव सप्ताह के रुप में मनायेगी। इस सप्ताह के तहत प्रदेश सहित जिलेभर में आदिवासी समाज के महापुरुषों, क्रांतिकारियों के योगदान, विचारों और विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र बघेल ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों के बीच साझा करते हुए दी। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी शैलेंद्र सिंह चौहान, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष सोलंकी, विकास डावर आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बघेल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस पार्टी आदिवासी समुदायों को उचित सम्मान देने में विफल रही। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज के महानायकों को न केवल सम्मान दिया, बल्कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। राज्य सरकार और भाजपा संगठन के तत्वाधान में 14 नवंबर को जबलपुर में, 15 नवंबर को धार में और 16 नवंबर को खंडवा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करेंगे। खरगोन जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे के मार्गदर्शन में पंचायत, तहसील और जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आदिवासी नायकों के योगदान को उजागर करने नृत्य, नाटक और ग्राम चौपाल का आयोजन भी होगा।

किसानों को दी गई आधुनिक कृषि तकनीकों व विभागीय योजनाओं की जानकारी

चौपाल में विभागों के अधिकारियों ने किसानों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



किसानों की समस्याओं के निराकरण, कृषि उत्पादन में वृद्धि तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज हरदा जिले के खिरकिया विकासखंड के ग्राम मांदला स्थित हाईस्कूल परिसर में कृषक चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी रजनी वर्मा ने की।

इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, विद्युत, जल संसाधन, कृषि अभियांत्रिकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं क्षेत्र के कृषक उपस्थित रहे। कृषक चौपाल में कृषि विभाग द्वारा किसानों को रबी मौसम की तैयारियों, फसल चयन, उन्नत बीज, बीजोपचार, संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं सिंचाई प्रबंधन के संबंध में तकनीकी जानकारी दी गई। जिले में कम वर्षा एवं सीमित सिंचाई जल की उपलब्धता को देखते हुए कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों को अपनाने तथा उपलब्ध जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा रबी फसलों में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की पहचान, उनके नियंत्रण तथा फसल प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों के संबंध में किसानों को मार्गदर्शन दिया गया। पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालन को आय का अतिरिक्त स्रोत बनाने, पशुओं के स्वास्थ्य एवं उन्नत प्रजनन तकनीकों के संबंध में जानकारी दी गई। विद्युत विभाग द्वारा कृषि कार्यों के लिए विद्युत आपूर्ति से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सिंचाई जल एवं पेयजल व्यवस्था से संबंधित विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा भी अपने-अपने विभाग की योजनाओं, पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रजनी वर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को किसानों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का प्राथमिकता से परीक्षण कर आवश्यक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मेला समिति के 5 और 4 अन्य पर एफआईआर दर्ज की

प्रतिबंध के बावजूद फोफनार में मेले की आड़ में कराई कराई हेला टक्कर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

बुरहानपुर जिले के फोफनार गांव में बुधवार को हेला टक्कर कराई गई। कलेक्टर विवेक कुमार ने जिले में इस पर प्रतिबंध लगाया था। आदेश जनवरी 2027 तक लागू है। शाहपुर थाना पुलिस ने जांच के बाद मेला समिति के 5 सदस्यों और 4 हेला मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, आयोजन में कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट के धारा के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक, मेले में पशुओं के साथ अमानवीय व्यवहार भी किया गया। इससे पहले शाहपुर क्षेत्र में अमरावती नदी के किनारे हेला टक्कर कराई गई थी। उस मामले में पुलिस ने 10 नामजद और 8 अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

हेला मालिकों पर केस दर्ज किया गया

इस मामले में फकीरा पिता सुपड़ू, विकास पिता विश्वनाथ, राजू पिता शंकर, प्रेमसिंह पिता मांगीलाल और सत्तार पिता सरदार के नाम शामिल हैं। ये सभी मेला समिति के सदस्य हैं। हेला मालिकों में जितेन्द्र सिरतुरे निवासी ग्राम सारोला, थाना शिकारपुरा; जब्बार पठान निवासी ग्राम मोहद, थाना शाहपुर; शोएब पटेल निवासी ग्राम सारोला, थाना शिकारपुरा; और रूपा पिता जगन गौंड निवासी ग्राम वाराडोली, थाना शाहपुर शामिल हैं।

मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन कर राजनैतिक दलों को सौंपी गई सूची



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

गुरुवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 के अंतर्गत हरदा जिले की विधानसभा क्षेत्र 134-टिमरनी (अजजा) एवं 135-हरदा की 01 जनवरी 2027 के मान से प्रारूप फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली एवं सेवा निर्वाचकों की सूची का प्रारूप प्रकाशन विनिर्दिष्ट स्थलों पर किया गया। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक मीडिया के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम कुमार सहित भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस एवं बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष और प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 हेतु जारी तिथिवार कार्यक्रम से अवगत कराया गया। सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को विधानसभा क्षेत्र 134-टिमरनी एवं 135-हरदा की फोटोयुक्त प्रारूप निर्वाचक नामावली के 1-1 सेट तथा फोटो रहित मतदाता सूची की पीडीएफ डीवीडी प्रदान की गई।

बुरहानपुर में जल संकट से निपटने की तैयारी

जल संरक्षण की कार्ययोजना, अर्चना चिटनिस ने दिए निर्देश, हर गांव का जल मानचित्र बनेगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

गुरुवार को सर्किट हाउस में जल संरक्षण को लेकर समीक्षा बैठक हुई। विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस की अध्यक्षता में हुई बैठक करीब एक घंटे चली। इसमें कलेक्टर विवेक कुमार, जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। चिटनिस ने कहा कि पानी बनाया नहीं जा सकता, लेकिन उपलब्ध पानी को सहेजना और बचाना लोगों के हाथ में है। उन्होंने कहा कि पानी बचाने का संस्कार, स्वभाव और जल अनुशासन हर व्यक्ति में विकसित करना होगा। उन्होंने जल संकट से निपटने के लिए जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से स्पष्ट कार्ययोजना बनाने को कहा। इसका काम अगली वर्षा ऋतु से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने और हर गांव व वार्ड में जल बचाव अभियान चलाने की बात कही।

नए भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने के निर्देश दिए-बैठक में महापौर माधुरी पटेल ने रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के कामों की जानकारी दी। चिटनिस ने हर वार्ड के लिए जल संरक्षण कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने मोहल्ला समितियों को सक्रिय करने, जल चौपाल लगाने और नए भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने के निर्देश दिए।

---

15 को जनजातीय गौरव दिवस मनेगा

बिरसा मुंडा जयंती पर 4 कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर



बुरहानपुर में 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर जिले में 4 जगह कार्यक्रम होंगे। केंद्र और प्रदेश सरकार के साथ भाजपा भी देशभर में ये कार्यक्रम करेगी। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 11 से 19 नवंबर तक कार्यक्रम होंगे। 15 नवंबर को मुख्य आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां चल रही हैं। पाटील ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आक्रांताओं से लड़ाई लड़ी। समाज व देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। देश में मोदी सरकार बनने के बाद जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के कई समाज सुधारकों और योद्धाओं के इतिहास को अब तक इतिहास के पन्नों में दबाने का काम हुआ। टंट्या मामा और रानी कमलापति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्हें सम्मान दिया है।

ग्रामीणों ने एक ऐतिहासिक और सराहनीय कदम उठाया, थाने में सौंपा ज्ञापन

ढसलगांव में ग्राम सभा का फैसला, गांव में पूर्ण शराबबंदी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



इस तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढसलगांव में ग्रामीणों ने एक ऐतिहासिक और सराहनीय कदम उठाया है और वहां गुरुवार से पूर्ण शराबबंदी लागू कर दी है। ग्रामीणों और युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर थाना प्रभारी गणपत कनेल को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि गिलदार नार्वे, देवीसिंह पटेल, रिछु महाराज, लक्ष्मण सोलंकी, जवान सिंह जामरे, रूम सिंह मोरे सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर शिक्षित आदिवासी युवा संगठन के संरक्षक नन्नू पटेल और मीडिया पभारी जग्गा जमरे ने चिंता व्यक्त की कि हमारे गांव में छोटे-छोटे बच्चे शराब पी रहे हैं और नई पीढ़ी बर्बाद हो रही है। इस ज्ञापन के माध्यम से ग्राम पंचायत क्षेत्र में पूर्ण शराबबंदी लागू करने और अवैध शराब के कारोबार पर सख्त प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। इससे पहले ग्राम पंचायत भवन में सरपंच तुलसीबाई की अध्यक्षता में एक विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई थी, जिसमें सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया। इसी आशा के ज्ञापन की प्रतिलिपि शासकीय शराब दुकान के सेल्समैन को भी दी गई है।

शराबखोरी के दुष्प्रभावों से चिंतित दिखा पूरा गांव

ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने इस बात पर गहरी चिंता जताई कि गांव में शराब के अत्यधिक सेवन और अवैध बिक्री के कारण सामाजिक ताना-बाना बिखर रहा है। शराब के कारण आए दिन पारिवारिक कलह, महिलाओं पर अत्याचार, युवाओं के भविष्य में गिरावट, आपसी विवाद और गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसी से निजात पाने के लिए पंचायती राज अधिनियम और ग्राम सभा के संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करते हुए यह कड़ा निर्णय लिया गया है। ग्राम सभा द्वारा पारित प्रमुख संकल्प एवं नियमपूर्ण शराबबंदीः ग्राम पंचायत डमलगाँव की संपूर्ण सीमा के भीतर देशी, विदेशी, कच्ची या महुआ शराब के निर्माण, भंडारण, खरीद-फरोख्त और सार्वजनिक स्थानों पर सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।